**भारत सरकार**

**रक्षा मंत्रालय**

**रक्षा विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 234**

**21 जुलाई, 2023 को उत्तर के लिए**

**छावनियों की संख्या**

**234. श्री मोहन मंडावी:**
**श्री सुधाकर तुकाराम श्रृंगारेः**
**श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकरः**
**श्री एस.सी. उदासीः**
**श्री विजय बघेलः**
**श्री देवजी पटेलः**
**श्री नारणभाई काछड़ियाः**
**श्री दिलीप शइकीयाः**
**श्री सुनील कुमार सोनीः**
**श्री वाई. देवेन्द्रप्पाः**
**श्री अरुण सावः**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के उत्तर-पूर्वी भाग सहित देश में महाराष्ट्र, कर्नाटक और राजस्थान में छावनियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार को चकरभाठा, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में सैन्य छावनी स्थापित करने का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या निर्णय लिया गया है;

(घ) क्या सरकार ने कुछ/सभी छावनियों को समाप्त करने का निर्णय लिया है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(च) सरकार द्वारा छावनियों के अंतर्गत आने वाले नागरिक क्षेत्रों के विकास और रखरखाव के लिए वार्षिक रक्षा बजट पर पड़ने वाले दबाव को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ?

**उत्तर**

**रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)**

**(क):** राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार छावनियों की सूची **अनुलग्नक** के रूप में संलग्न है ।

**(ख) और (ग):** जी, नहीं ।

**(घ) और (ड.):** छावनियों के अंतर्गत आने वाले नागरिक क्षेत्रों और साथ में जुड़े राज्य नगरपालिका क्षेत्रों पर लागू नगरपालिका संबंधी कानूनों में एकरूपता लाने के लिए कतिपय छावनियों के नागरिक क्षेत्रों को समाप्त करने और उन्हें पड़ोसी नगरपालिकाओं के साथ जोड़ देने पर विचार करने का निर्णय लिया गया है । तदनुसार, मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित समापन के लिए विस्तृत कार्य-रीतियां संबंधित राज्य सरकारों के साथ उनकी टिप्पणियों के लिए साझा की गई हैं । खास योल नामक एक छावनी को पहले ही दिनांक 27.04.2023 से सूची से बाहर कर दिया गया है ।

**(च):** सरकार द्वारा छावनियों के अंतर्गत आने वाले नागरिक क्षेत्रों के विकास और रखरखाव के लिए वार्षिक रक्षा बजट पर पड़ने वाले दबाव को कम करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

(1) छावनी बोर्डों ने वित्त वर्ष 2020-21 से 15वें केन्द्रीय वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर अनुदान प्राप्त करने प्रारंभ कर दिए हैं ।

(2) 14 राज्य सरकारों ने अपने राज्यों में स्थित छावनी बोर्डों को पहले ही कर आय और अनुदानों का हिस्सा सौंपना प्रारंभ कर दिया है ।

(3) छावनी बोर्डों द्वारा मकान कर, जल कर, सफाई कर, विद्युत कर, व्यापार और व्यवसाय कर आदि जैसे कर के दर का संशोधन करके स्थानीय आय में वृद्धि की गई है ।

(4) छावनी बोर्डों द्वारा विज्ञापन शुल्क, जल शुल्क, पार्किंग शुल्क, बाजारों और दुकानों से लाइसेंस शुल्क, लीज किराए, म्यूटेशन शुल्क, भवन निर्माण योजना स्वीकृति शुल्क और अन्य प्रयोक्ता प्रभारों जैसे शुल्क/प्रभारों का संशोधन किया गया है ।

(5) छावनी बोर्ड छावनी क्षेत्रों में विकासात्मक कार्य करने के लिए आय के स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं जिसमें सीएसआर निधि का प्रभावकारी उपयोग शामिल है ।

**"छावनियों की संख्या" के बारे में लोकसभा में दिनांक 21 जुलाई, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 234 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | छावनी का नाम |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | बिहार | दानापुर |
| 2 | दिल्ली | दिल्ली |
| 3 | गुजरात | अहमदाबाद |
| 4 | हरियाणा | अंबाला |
| 5 | हिमाचल प्रदेश | बकलोह |
| 6 | हिमाचल प्रदेश | दगशाई |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | डलहौजी |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | जतोग |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | कसौली |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | सुबाथु |
| 11 | जम्मू एवं कश्मीर | बादामीबाग |
| 12 | जम्मू एवं कश्मीर | जम्मू |
| 13 | झारखंड | रामगढ़ |
| 14 | कर्नाटक | बेलगाम |
| 15 | केरल | कन्नूर |
| 16 | मध्यप्रदेश | जबलपुर |
| 17 | मध्यप्रदेश | महू |
| 18 | मध्यप्रदेश | मोरार |
| 19 | मध्यप्रदेश | पंचमढ़ी |
| 20 | मध्यप्रदेश | सागर |
| 21 | महाराष्ट्र | अहमदनगर |
| 22 | महाराष्ट्र | औरंगाबाद |
| 23 | महाराष्ट्र | देहूरोड |
| 24 | महाराष्ट्र | देवलाली |
| 25 | महाराष्ट्र | कम्प्टी |
| 26 | महाराष्ट्र | खडकी |
| 27 | महाराष्ट्र | पूणे |
| 28 | मेघालय | शिलाँग |

| | | |
|---|---|---|
| 29 | पंजाब | अमृतसर |
| 30 | पंजाब | फिरोजपुर |
| 31 | पंजाब | जालंधर |
| 32 | राजस्थान | अजमेर |
| 33 | राजस्थान | नसीराबाद |
| 34 | तमिलनाडु | सैंट थॉमस माउंट |
| 35 | तमिलनाडु | वेलिंगटन |
| 36 | तेलंगाना | सिकंदराबाद |
| 37 | उत्तरप्रदेश | आगरा |
| 38 | उत्तरप्रदेश | इलाहाबाद |
| 39 | उत्तरप्रदेश | अयोध्या |
| 40 | उत्तरप्रदेश | बबीना |
| 41 | उत्तरप्रदेश | बरेली |
| 42 | उत्तरप्रदेश | फतेहगढ़ |
| 43 | उत्तरप्रदेश | झांसी |
| 44 | उत्तरप्रदेश | कानपुर |
| 45 | उत्तरप्रदेश | लखनऊ |
| 46 | उत्तरप्रदेश | मथुरा |
| 47 | उत्तरप्रदेश | मेरठ |
| 48 | उत्तरप्रदेश | शाहजहांपुर |
| 49 | उत्तरप्रदेश | वाराणसी |
| 50 | उत्तराखंड | अल्मोड़ा |
| 51 | उत्तराखंड | चकराता |
| 52 | उत्तराखंड | क्लेमेंट टाउन |
| 53 | उत्तराखंड | देहरादून |
| 54 | उत्तराखंड | लंढ़ौर |
| 55 | उत्तराखंड | लैंसडाउन |
| 56 | उत्तराखंड | नैनीताल |
| 57 | उत्तराखंड | रानीखेत |
| 58 | उत्तराखंड | रुड़की |
| 59 | पश्चिम बंगाल | बैरकपुर |
| 60 | पश्चिम बंगाल | जलापहाड़ |
| 61 | पश्चिम बंगाल | लेबोंग |

***